भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2700

दिनांक 04 अगस्त, 2026

कृषि पाठ्यक्रम का उन्नयन

2700. श्री केसिनेनी शिवनाथः

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कृषि विश्वविद्यालयों में उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और प्रशिक्षुता, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, संकाय फेरबदल और उद्योग- आधारित पाठ्यक्रम विकास का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा पाठ्यक्रम सुधारों पर अधिष्ठाता संबंधी छठी समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन की निगरानी कर रही है, और यदि हां, तो देश में निर्धारित मानकों का पालन करने वाले और न करने वाले विश्वविद्यालयों की संख्या का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी है;

(ग) देश में पिछले पांच वर्षों के दौरान पाठ्यक्रम उन्नयन, डिजिटल शिक्षण प्लेटफॉर्म, प्रयोगशालाओं और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा कृषि विश्वविद्यालयों को राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार स्वीकृत और जारी की गई धनराशि कितनी है; और

(घ) छात्र प्लेसमेंट, कौशल विकास और अनुसंधान परिणाम पर ऐसे उपायों के प्रभाव के संबंध में यदि कोई आकलन किया गया है, तो उसका ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क) : कृषि एवं संबद्ध विषयों में स्नातक स्तर (यूजी) के 13 विषयों के लिए छठी (6^{th}) संकाय अध्यक्ष (डीन) समिति की रिपोर्ट में स्नातक स्तर (यूजी) कार्यक्रम के 8वें सेमेस्टर के साथ-साथ यू.जी. के प्रथम वर्ष (1^{st} Year) और द्वितीय वर्ष (2^{nd} Year) के बाद दोनों समयावधि के दौरान उद्योग जगत के साथ सहयोग से प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) करने के लिए प्रावधान किए गए हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा पशु चिकित्सा विज्ञान के स्नातक स्तर

बी.वी.एससी. एवं ए.एच. के छात्रों के लिए रू. 3000/- प्रति माह की दर से छः माह की अवधि के लिए इंटर्नशिप प्रदान की जाती है। इस इंटर्नशिप में पशु चिकित्सा अस्पतालों व खेतों में विशेष रूप से तैयार किए गए कार्यक्रम भी शामिल हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) तथा राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू) द्वारा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में उद्योगों के साथ संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रहीं हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा प्रत्यायन के माध्यम से गुणवत्ता आश्वासन, संकाय दक्षता के उन्नयन, स्कॉलरशिप/फैलोशिप द्वारा उत्कृष्टता को प्रोत्साहन, फार्म का आधुनिकीकरण, आई.टी. समर्थन तथा पुस्तकालय सहित बुनियादी और अन्य सुविधाओं के उन्नयन हेतु सहायता प्रदान की गई है।

कृषि विश्वविद्यालयों में उद्योग शैक्षणिक सहयोग के लिए कुल 1902 समझौता ज्ञापन (MoUs) हस्ताक्षर किए गए हैं। इसमें इंटर्नशिप, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, संकाय आदान-प्रदान तथा उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रम विकास शामिल है।

(ख) : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के दायित्व में गुणवत्तायुक्त मानव संसाधन विकास के लिए कृषि शिक्षा प्रदान करना, सहायता और समन्वय करना शामिल है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा कृषि विश्वविद्यालयों के सहयोग से कृषि विश्वविद्यालयों के संकाय अध्यक्षों (डीन्स) को शामिल करते हुए गठित की गई संकाय अध्यक्षों (डीन्स) की समिति के तत्वावधान के तहत 1960 से स्नातक स्तर (अंडर ग्रेजुएट) कार्यक्रमों के कोर्स-पाठ्यक्रम को तैयार करने और संशोधित करने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में छठी डीन समिति की रिपोर्ट को एनईपी 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करते हुए 80 कृषि विश्वविद्यालयों में (राज्य-वार सूची अनुबंध-I के रूप में संलग्न) कार्यान्वित किया जा रहा है।

(ग) : कृषि विश्वविद्यालयों को उन्नयन, सुदृढ़ीकरण, आधुनिकीकरण तथा सुविधाओं और बुनियादी ढ़ांचे में वृद्धि के लिए योजना स्कीम "भारत में उच्च कृषि शिक्षा का सुदृढ़ीकरण एवं विकास" के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। राज्यवार सूची संलग्न है (अनुबंध-II)।

(घ) : इस प्रकार के उन्नत उपायों को शामिल किया गया तथा छात्र प्लेसमेंट, कौशल विकास और अनुसंधान आउटपुट पर इनका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

******

अनुबंध-I

{लोक सभा के दिनांक 04.08.2026 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2700 का भाग (ख)}

कृषि विश्वविद्यालयों में डीन समिति की छठी (6th) रिपोर्ट के कार्यान्वयन की स्थिति				
क्र. सं.	**राज्य**	**विश्वविद्यालयों के नाम**	**क्या छठी (6th) डीन्स कमेटी की रिपोर्ट लागू की गई**	**उद्योग-शैक्षणिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापनों की संख्या**
			हाँ/ नहीं	
1.	आंध्र प्रदेश	आचार्य एनजी रंगा कृषि विश्वविद्यालय, लाम-गुंटूर	जी हाँ	28
2.		डॉ. वाईएसआर बागवानी विश्वविद्यालय, वेंकटरमन्नागुडेम	जी हाँ	100
3.		श्री वेंकटेश्वर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, तिरुपति	जी हाँ	-
4.		आंध्र प्रदेश मात्स्यिकी विश्वविद्यालय, नरसापुर, पश्चिम गोदावरी	जी हाँ	11
5.	असम	असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट	जी हाँ	31
6.		असम पशु चिकित्सा एवं मात्स्यिकी विश्वविद्यालय	जी हाँ	5
7.	बिहार	बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर	जी हाँ	-
8.		बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना	जी हाँ	1
9.		डॉ . राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर, बिहार	जी हाँ	44
10.	छत्तीसगढ़	दाऊ श्री वासुदेव चंद्रशेखर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग	जी हाँ	-
11.		इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर	जी हाँ	96
12.		महात्मा गांधी बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग	जी हाँ	21
13.	दिल्ली	भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली	जी हाँ	-
14.	गुजरात	आनंद कृषि विश्वविद्यालय, आनंद	जी हाँ	76
15.		गुजरात प्राकृतिक कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, हलोल, पंचमहल	जी हाँ	34
16.		जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, जूनागढ़	जी हाँ	16
17.		कामधेनु विश्वविद्यालय, गांधीनगर	जी हाँ	57
18.		नवसारी कृषि विश्वविद्यालय, नवसारी	जी हाँ	34

19.		सरदार कृषिनगर दंतिवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय, दंतिवाड़ा	जी हाँ	2
20.	हरियाणा	चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार	जी हाँ	45
21.		लाला लाजपत राय पशु विज्ञान एवं पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, हिसार	जी हाँ	64
22.		महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, अंजनथली, करनाल	जी हाँ	-
23.		राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल	जी हाँ	20
24.	हिमाचल प्रदेश	चौ. सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर	जी हाँ	64
25.		डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन	जी हाँ	-
26.	जम्मू और कश्मीर	शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जम्मू	जी हाँ	8
27.		शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, श्रीनगर	जी हाँ	57
28.	झारखंड	बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची	जी हाँ	-
29.	कर्नाटक	कर्नाटक पशु चिकित्सा, पशु और मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय, बीदर	जी हाँ	14
30.		केलाडी शिवप्पा नायक कृषि एवं बागवानी विज्ञान विश्वविद्यालय, शिवमोग्गा	जी हाँ	22
31.		कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बैंगलोर	जी हाँ	134
32.		कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़	जी हाँ	3
33.		कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, रायचूर	जी हाँ	38
34.		बागवानी विज्ञान विश्वविद्यालय, बागलकोट	जी हाँ	77
35.		कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, मांड्या	जी हाँ	5
36.	केरल	केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिशूर	जी हाँ	-
37.		केरल मत्स्य एवं महासागर अध्ययन विश्वविद्यालय, पनांगड, कोच्चि	जी हाँ	-
38.		केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पूकोड, वायनाड	जी हाँ	10
39.	मध्य प्रदेश	जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय, जबलपुर	जी हाँ	1
40.		नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर	जी हाँ	-
41.		राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर	जी हाँ	-
42.	महाराष्ट्र	महाराष्ट्र पशु एवं मत्स्य विज्ञान	जी हाँ	-

		विश्वविद्यालय, नागपुर		
43.		डॉ. बालासाहेब सावंत कोंकण कृषि विद्यापीठ, दापोली	जी हाँ	54
44.		डॉ. पंजाबराव देशमुख कृषि विद्यापीठ, अकोला	जी हाँ	20
45.		महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ, राहुरी	जी हाँ	16
46.		वसंतराव नाईक मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ, परभणी	जी हाँ	18
47.		भाकृअनुप-केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई	जी हाँ	2
48.	मणिपुर	केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल	जी हाँ	10
49.	नागालैंड	नागालैंड विश्वविद्यालय, लुमामी, ज़ुन्हेबोटो (कृषि संकाय के साथ विश्वविद्यालय)	जी हाँ	-
50.	ओडिशा	ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर	जी हाँ	23
51.	पंजाब	गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, लुधियाना	जी हाँ	2
52.		पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना	जी हाँ	40
53.	राजस्थान	कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर	जी हाँ	11
54.		कृषि विश्वविद्यालय, कोटा	जी हाँ	-
55.		महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर	जी हाँ	-
56.		श्री करण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर	जी हाँ	45
57.		स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर	जी हाँ	2
58.		राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर	जी हाँ	21
59.		राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, (जोबनेर), जयपुर	जी हाँ	-
60.	तमिलनाडु	तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर	जी हाँ	-
61.		तमिलनाडु डॉ जे जयललिता मत्स्य विश्वविद्यालय, नागपट्टिनम	जी हाँ	28
62.		तमिलनाडु पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, चेन्नई	जी हाँ	58
63.	तेलंगाना	प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद	जी हाँ	27
64.		पीवी नरसिम्हा राव तेलंगाना पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, हैदराबाद	जी हाँ	33

65.		श्री कोंडा लक्ष्मण तेलंगाना राज्य बागवानी विश्वविद्यालय, हैदराबाद	जी हाँ	29
66.	उत्तर प्रदेश	आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या	जी हाँ	101
67.		अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़	जी हाँ	-
68.		बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी (कृषि संकाय के साथ विश्वविद्यालय)।	जी हाँ	12
69.		बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा	जी हाँ	42
70.		चंद्र शेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर	जी हाँ	17
71.		भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली	जी हाँ	17
72.		रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी	जी हाँ	-
73.		सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ	जी हाँ	53
74.		यूपी पं. दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा	जी हाँ	24
75.	उत्तराखंड	जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर	जी हाँ	66
76.		वीसीएसजी उत्तराखंड बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार	जी हाँ	11
77.	पश्चिम बंगाल	बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय, मोहनपुर	जी हाँ	-
78.		उत्तर बंग कृषि विश्वविद्यालय, कूच बिहार	जी हाँ	-
79.		विश्व भारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन (कृषि संकाय के साथ विश्वविद्यालय)।	जी हाँ	-
80.		पश्चिम बंगाल पशु एवं मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय, कोलकाता	जी हाँ	2

****

अनुबंध - II

{लोक सभा के दिनांक 04.08.2026 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2700 का भाग (ग)}

विगत पांच वर्षों के दौरान राज्य-वार प्रदान की गई वित्तीय सहायता (2021-22 से 2025-26)

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	राज्य	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	कुल
1.	आंध्र प्रदेश	8.20	5.78	9.02	15.48	17.63	56.11
2.	असम	14.19	11.64	6.76	13.35	30.08	76.02
3.	बिहार	6.79	5.65	6.08	15.29	10.50	44.31
4.	छत्तीसगढ़	6.61	8.46	9.10	9.18	7.20	40.55
5.	गुजरात	10.35	10.97	11.15	24.33	17.79	74.59
6.	हरियाणा	7.61	8.27	10.77	29.53	38.25	94.43
7.	हिमाचल प्रदेश	8.13	4.70	9.45	11.49	5.76	39.53
8.	जम्मू और कश्मीर	3.28	8.12	4.72	19.30	16.83	52.25
9.	झारखंड	0.51	0.55	0.29	0.51	0.96	2.82
10.	कर्नाटक	28.07	19.42	26.77	35.21	54.01	163.48
11.	केरल	10.19	6.41	6.34	10.85	9.52	43.31
12.	मध्य प्रदेश	8.33	7.44	9.69	17.03	13.47	55.96
13.	महाराष्ट्र	33.22	22.44	16.59	39.23	34.24	145.72
14.	मणिपुर	8.30	14.42	16.75	13.14	15.20	67.81
15.	नागालैंड	8.11	0.13	0.32	4.70	1.07	14.33
16.	नई दिल्ली	17.95	23.83	29.67	72.38	116.41	260.24
17.	ओडिशा	2.75	3.68	2.78	5.40	7.59	22.20
18.	पंजाब	8.85	7.10	4.78	11.93	10.04	42.70
19.	राजस्थान	12.16	9.77	10.53	19.36	15.22	67.04
20.	तमिलनाडु	6.33	4.98	10.43	19.88	11.18	52.80
21.	तेलंगाना	7.91	5.94	11.81	12.56	13.28	51.50
22.	उत्तराखंड	4.26	3.35	6.15	27.06	7.04	47.86
23.	उत्तर प्रदेश	17.25	15.26	14.46	52.30	31.15	130.42
24.	पश्चिम बंगाल	8.35	4.10	5.22	9.66	5.82	33.15
	कुल	**247.70**	**212.41**	**239.63**	**489.15**	**490.24**	**1679.13**

****